# महिला सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण: सिडाम





**मंडला, देशबन्धु।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय मण्डला द्वारा नेहरू युवा केंद्र मंडला, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग कॉलेज महाराजपुर, के सहयोग से श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज महाराजपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता पर ड्राइंग, रंगोली प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व विशेष जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता नर्सिंग कॉलेज की आशिमा पटेल ने की। मुख्य अतिथि तौर पर मंडला एसडीम सोनम सिडाम, विशिष्ट अतिथि सविता सुलाखे प्राचार्य, श्री पुहुप सिंह भारत सामाजिक कार्यकर्ता ,आरती शर्मा लेक्चर ,सौम्या राय लेक्चर अनुराग राय नेहरू युवा केंद्र मंडला सहित शिक्षक शिक्षिकाएं थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष आशिमा पटेल ने अपने उद्बोधन में जानकारी देते हुए कहा कि नारी का सम्मान आज की वास्तविक प्रगति है हर सफल महिला के लिए उनकी मेहनत और संघर्ष और आत्मविश्वास होता है सशक्त महिला की सशक्त समाज का निर्माण करती है महिला किसी से काम नहीं है अपने बलबूती में इतिहास रच रहे हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया जागरूक

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीम सोनम सिडाम जानकारी देते हुए कहा कि जब तक देश की नारी सशक्त नहीं होगी तब तक राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। प्राचीन समय से ही समाज में बढ़ती कुरीतियों के कारण नारी शक्ति के स्वरूप को उजागर नहीं किया गया ,परंतु वर्तमान में देश की महिलाओं एवं समाज में बढ़ रही जागरूकता के कारण महिला प्रत्येक क्षेत्र में शिक्षा, तकनीकी, स्वास्थ्य, शासकीय सेवा, व्यापार एवं अन्य क्षेत्रों में अपने हुनर का परचम लहरा रही है ।समाज कि कुरीतियों विपरीत मानसिकता जैसे घरेलू हिंसा, पर्दा प्रथा, दैहिक शोषण, लिंग भेदभाव जैसे अपराध होने के कारण महिलाऐं सशक्त होने में पूर्ण रूप से वंचित रहीं हैं जिससे देश का विकास तीव्र गति से हो पाना संभव नहीं था, आज महिलाओं के लिए भारत शासन द्वारा कठोर कानून बनाए गए हैं, महिलाओं हेतु जन कल्याणकारी योजनाऐं संचालित किए जा रहे हैं तथा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे देश की महिलाओं बालिकाओं को सम्मान के साथ साथ समान अधिकार प्राप्त हो सके तथा विकसित राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सके एवं स्वच्छता की जानकारी दी गई । विशिष्ट अतिथि श्री पुहुप सिंह भारत ने कहा शास्त्रों में कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रामन्ते तंत्र देवता: अर्थात जहां पर नारी का सम्मान होता है वहां देवता का वास होता है इसलिए हम सभी को हमारे जीवन में नारी का सम्मान जरूर करना चाहिए।

कार्यक्रम के आयोजन श्रवण कुमार साहू, प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मंच का संचालन करते हुए प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता सम्पूर्ण जानकारी दी गई । प्रश्नोत्तरी व अन्य प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को विभाग की तरफ से आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित की गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए और कहा कि इस तरह से कार्यक्रम बीच-बीच में होने से शिक्षा के साथ-साथ और सामान जानकारी मिल जाने से जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगा।

## चरित्र संदेह पर पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**भुआ बिछिया ।** मंडला जिले के बिछिया थाना अन्तर्गत ग्राम माझीपुर में संतोष मरावी ने अपनी पत्नी साधना की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. हत्या के बाद शव को घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में ले जाकर छोड़ दिया. मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी पति संतोष गुमराह करता रहा, लेकिन पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो हत्या करना स्वीकार लियाद्ध पुलिस अधिकारियों के अनुसार माझीपुर जिला मंडला में रहने वाला संतोष मरावी



उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी साधना उम्र 30 वर्ष के चरित्र पर संदेह करता रहा. कई बाद दोनों के बीच लड़ाई भी हुई थी।

बीती रात भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ. विवाद इतना बढ़ा कि संतोष ने पत्नी साधना की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. हत्या के बाद लाश को घर के समीप एक खेत में ले जाकर छोड़ दिया. सुबह जब ग्रामीणों ने साधना को खून से लथपथ मृत हालत में देखा तो स्तब्ध रह गए। साधना की लाश मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते कई लोग एकत्र हो गए. मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में पति संतोष ने कहा कि पत्नी सुबह शौच के लिए गई थी, इस दौरान किसी ने उसपर हमला कर दिया. पुलिस को लगा कि पति संतोष गुमराह कर रहा है. पुलिस ने जब संतोष से सख्ती से पूछताछ की तो उसने पत्नी की हत्या करना स्वीकार लिया. पुलिस ने पति संतोष को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर प्रकरण दर्ज कर लिया है

## सार-समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कराया गया महिलाओं का रक्त परीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला विकासखंड की ग्राम पंचायत जंतीपुर के पंचायत भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं की रक्त जाँच कराई गई। स्वयंसिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडीकल कॉलेज महाराजपुर के सहयोग से ग्राम पंचायत द्वारा यह आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के रक्त के नमूने लेकर एचबी की जांच की गई। कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं को आयरन की दवा का भी पंचायत की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जंतीपुर के सरपंच श्री संतलाल मरावी, पैरामेडीकल कॉलेज से डॉ. समीर साहू, डॉ. श्रीमती पारूल साहू, सुश्री अमीशा विश्वकर्मा, सुश्री शीतल उईके, श्रीमती वर्षा तिवारी सहित कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए आरती मोदी सम्मानित

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंडला जिला मुख्यालय में स्काउट गाइड और ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट सहायक आयुक्त वन्दना गुप्ता बिछिया एसडीएम सोनाली देव जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े मंचसीन रही कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया इसमें बिछिया उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका आरती मोदी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने झील महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बीजाडांडी विकासखंड के ग्राम देवरी में पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के द्वारा आयोजित किए जाने वाले झील महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। यह महोत्सव 29 मार्च से 13 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि झील महोत्सव की तैयारियों को समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने महोत्सव में वाटर स्पोर्ट्स की राइड्स, फ्लोटिंग स्टेज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह महोत्सव स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक बड़ा आकर्षण का केंद्र होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, एसडीएम निवास शाहिद खान, सीईओ जनपद पंचायत बीजाडांडी वासंती दुबे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता संघ ने मनाया महिला दिवस



**भुआबिछिया, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अधिवक्ता संघ कार्यालय भुआबिछिया में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम न्यायाधीश मीनल गजबीर रक्षा कोष्टा प्रतिभा मिश्रा अधिवक्ता एवं न्यायालीन कर्मचारी पार्वती उईके को श्रीफल एवं कलम देकर सम्मानित किया गया ।इस दौरान न्यायाधीश मीनल गजबीर ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं।अब महिलाएं उपेक्षित नहीं हैं अपितु समाज का नेतृत्व कर रही हैं।कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विजय चौरसिया सचिव पीयूष पांडेय कोषाध्यक्ष बलराम शर्मा जेपीएन मिश्रा राजा ठाकुर थानेश्वर तेकाम योगेश तेकाम रामकुमार यादव उपस्थित थे।

### उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने विभागवार, प्रकरणवार स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अवमानना के प्रत्येक प्रकरण में जवाब प्रस्तुत करें। न्यायालय से संबंधित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। अवमानना के साथ-साथ रिट पिटीशन के प्रकरण में भी समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित कार्यालय प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जेपी यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### पुन: दाम्पत्य जीवन जीने का लिया संकल्प

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भुआ बिछिया तहसील विधिक सेवा समिति भुआ बिछिया जिला मंडला में श्रीमती मीनल गाजबीर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 8.3.2025 को नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया यह लोक अदालत वर्ष 2025 की प्रथम लोक अदालत थी।

## विभिन्न मदो से स्वीकृत सैकड़ों भवन वर्षों से अधूरे, कब होंगे पूरे

**मंडला, देशबन्धु।** जिले के सभी नौ विकासखण्डों में अलग-अलग विभागों के विभिन्न मदों से स्वीकृत हजारों भवन वर्षो से अधूरे पड़े हैं जिसका खुलासा करते हुए विगत दिवस दर्जनों समाजसेवी द्वारा कलेक्टर के नाम कार्यालय में ज्ञापन सौपते हुए मांग की गई है कि अधूरे भवनों को शीघ्र पूरा किया जाये जिससे इन भवनों का जनहित में उपयोग हो सके जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि घुघरी जनपद कार्यालय के प्रागंण में राजस्व विभाग के उपयोग के लिए स्वीकृत भवन भी अधूरा है इसी तरह



माधोपुर ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप बना भवन भी अधूरा है और सैकड़ो आंगनवाड़ी भवन भी पूर्ण होने का इंतजार कर रही हैं।

कन्हैया ठाकुर द्वारा बताया गया कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार अकेले सिर्फ राजीव गांधी शिक्षा मिशन व सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्वीकृत एक हजार से अधिक भवन अधूरे हैं जिसका मामला कलेक्टर के पास लंबित है। शेष अन्य विभागों की गणना की जाये तो ऐसे भवनों की संख्या और अधिक निकलकर सामने आयेगी ऐसे अनेक भवनों का लोगों को पता ही नहीं कि निर्माण एजेन्सी कौन है। प्राय: ये भवन लगभग 75 प्रतिशत निर्मित हो चुके है। जिसमें शासन की पर्याप्त राशि व्यय हो चुकी है। अब इन भवनों में 25 प्रतिशत कार्य और करा दिया जाये तो ये भवन उपयोगी हो जायेगें। शासन के पास ऐसे अनेक मद है यदि सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार अधिकारी चाह ले तो ये मृत भवन जीवित हो जायेगें। दूसरी तरफ देखा जाये तो जिले में बने अनेक स्टाप डेम व पुलिया निर्माण का कोई उपयोग नहीं है। औचित्यहीन स्थानों पर बनाकर शासन की राशि अनावश्यक खर्च की गई है। पिछले दिनों मण्डला ब्लाक के ग्राम सुभरिया में बना ऐसा ही स्टाप डेम का समाचार मीडिया में प्रकाशित हुआ था यह निर्माण पहाड़ी के बीच में बगैर बसाहट के स्थान पर 10.50 लाख का बना दिया गया है। जो वाटर कैचप एरिया नहीं है।





## प्रहलाद पटेल जैसे अहंकारी बीजेपी नेता, पार्टी पर बोझ और लोकतंत्र पर कलंक: राकेश तिवारी

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल कर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने बताया कि लोकतंत्र का मूल आधार जनता है।

यह व्यवस्था जनता के लिए, जनता द्वारा और जनता के हित में काम करने का वादा करती है। लेकिन जब नेता इस मूल भावना को भूलकर अहंकार और घमंड में डूब जाते हैं, तो लोकतंत्र का सपना धूमिल होने लगता है। प्रह्लाद पटेल जैसे नेताओं के हालिया बयान और व्यवहार इसी अहंकार की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने जनता को ''भिखारी'' कहकर न सिर्फ अपनी संवेदनहीनता दिखाई, बल्कि लोकतंत्र की मर्यादा को भी ठेस पहुंचाई है।

**अहंकार: रावण से भी बड़ा शत्रु**-रावण का उदाहरण हमारे सामने है। उसके पास विद्या, बल और ऐश्वर्य सब कुछ था, लेकिन अहंकार ने उसे अंधा बना दिया। उसने अपने अहंकार में आकर सीता का हरण किया और अंतत: अपने विनाश को आमंत्रित किया। आज के नेता भी अगर रावण की तरह अहंकारी हो जाएं, तो उनका अंत भी कुछ ऐसा ही होगा। प्रह्लाद पटेल का जनता को ''भिखारी'' कहना न सिर्फ उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि वे जनता के प्रति कितने संवेदनशील हैं।

**जनता भिखारी नहीं, लोकतंत्र की धुरी है**-जनता किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होती है। वही नेताओं को चुनती है, उन्हें सत्ता सौंपती है और उनके कामकाज पर नजर रखती है। जनता को ''भिखारी'' कहना न सिर्फ उसका अपमान है, बल्कि लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों की अवहेलना भी है। नेताओं को यह समझना चाहिए कि वे जनता के सेवक हैं, न कि उनके मालिक। उनका काम जनता की समस्याओं को सुनना और उन्हें हल करना है, न कि उन पर अहंकार दिखाना।

**लोकतंत्र को बीजेपी से बचाना होगा**-आज जरूरत है कि हम ऐसे बीजेपी नेताओं को चुनौती दें, जो लोकतंत्र की मर्यादा को भूलकर अपने अहंकार में डूब जाते हैं। जनता को जागरूक होना होगा और ऐसे भाजपाईयों को सबक सिखाना होगा। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब नेता जनता के प्रति विनम्र और जवाबदेह होंगे। प्रह्लाद पटेल जैसे नेताओं के बयान हमें यह याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र को अहंकारी नेताओं से बचाने की जरूरत है। जनता को ''भिखारी'' कहना न सिर्फ उसका अपमान है, बल्कि लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ भी है। हमें ऐसे नेताओं को राजनीति से दूर भगाना होगा और लोकतंत्र की मर्यादा को बचाना होगा। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे लोकतंत्र का निर्माण करें, जहां नेता जनता के सेवक हों, न कि जनता को भिखारी कहें।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब सिंह उईके,पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले,पूर्व विधायक संजीव उईके,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, श्रीमती शकुन जंघेला, श्रीमती शील देवी झा,सरजू प्रसाद तिवारी,लखन ठाकुर,महेंद्र चंद्रोल, संतोष भल्लावी,इकबाल खान,सौरभ साहू,मुकेश कछवाहा,सुभाष नामदेव,धर्मेंद्र श्रीवास्तव, संजू अहिरवार,नीलेश राय,अमन लाहौरी, विनोद चैधरी आलोक पटेल आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 198 प्रकरणों का निराकरण

### जिला न्यायालय परिसर में किया गया आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च 2025 को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक आदालत आयोजित की गई। जिला मण्डला में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल जोशी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री तपन धारगा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, चैक बाउन्स, श्रम, राजस्व (जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण) पारिवारिक वैवाहिक मामले न्यायालय के प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक, नगरपालिका, विद्युत एवं बी.एस.एन.एल. के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस लोक अदालत में न्यायालय के पेंडिंग कुल 206 प्रकरणों में से 198 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 2 करोड़ 77 लाख 47 हजार 8 रूपये राशि का धनादेश पारित किया गया।



साथ ही प्रीलिटिगेशन कुल प्रकरण 390 में से 390 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 60 लाख 60 हजार 954 रूपये राशि का धनादेश पारित किया गया। इस लोक अदालत से कुल 606 लोग लाभांवित हुये।

न्यायिक मजिस्टेड्ट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री तपन धारगा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय मण्डला एवं तहसील न्यायालय नैनपुर/निवास/बिछिया में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई है।

जिसमें सभी समझौते योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित 18 खंडपीठों के माध्यम से आपसी सुलह के आधार पर राजीनामा कराया गया। उन्होंने बताया कि इस बार की नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक के 164 प्रकरणों में से 164 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 41 लाख 96 हजार 914 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई, विद्युत विभाग के 45 प्रकरणों में से 45 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 3 लाख 85 हजार 317 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई, नगरपालिका के 85 प्रकरणों में से 85 प्रकरण निराकृत हुये, जिसमें 5 लाख 33 हजार 392 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई। न्यायालय के लंबित केसेस में समझौता योग्य आपराधिक 72 प्रकरणों में से 71 प्रकरणों का निराकृत हुए। धारा 138 एन.आई. एक्ट के 29 प्रकरणों में से 29 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें राशि 58 लाख 37 हजार 418 का अवार्ड पारित किया गया। एम.ए.सी.टी. के 58 प्रकरणों में से 55 प्रकरण निराकृत हुये 2 करोड़ 14 लाख 94 हजार 601 का अवार्ड पारित किया गया एवं पारिवारिक विवाद के 15 प्रकरणों में से 15 प्रकरणों को निराकृत किया गया। अन्य सिविल प्रकृति के 15 प्रकरणों में से 14 प्रकरण निराकृत हुये। लंबित विद्युत अधिनियम के 2 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें से 1 प्रकरण निराकृत हुआ।

जिसकी समझौता राशि 7 हजार 33 रूपये का आदेश पारित किया गया। सभी समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह के आधार पर किया गया तथा सभी लाभान्वितों को पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोक अदालत में उपस्थित लाभान्वित व्यक्तियो को एक-एक पौधा भेंट किया गया।

## हमारी सरकार ने महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं : मंत्री संपतिया उइके

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। जिससे महिलाएं आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में सामर्थ्य, सशक्त और समृद्ध बन सकें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शनिवार को ग्राम पंचायत अहमदनगर जिला मंडला में लघुधारक किसान अनुकूलित खेती और जैव विविधता नेटवर्क द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के आगमन पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा लोकनृत्य व लोकनाटक प्रस्तुत किए गए। बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य और लोकनाटक ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया, तालियों की गड़गड़ाहट से संपूर्ण कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने लोकनृत्य एवं लोकनाटक प्रस्तुत करने वाले बालिकाओं और महिलाओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिससे महिलाएं सशक्त बनकर समृद्धि की ओर अग्रसर हुई हैं। उन्होंने बताया कि पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इससे समाज में पुरूष और महिलाओं में समानता का संदेश गया है। पंचायती राज में महिलाओं की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत सुनिश्चित की गई है। उन्हें शासकीय सेवाओं में भी अवसर प्रदान किया जा रहा है। इससे महिलाएं इन क्षेत्रों में निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज महिलाएं शासन, प्रशासन, सामाजिक और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती, रानी अहिल्या बाई होल्कर, झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, रानी अवंती बाई, इंदिरा गाँधी, कल्पना चावला, द्रोपती मुर्मू जैसी महिलाएं महिला सशक्तीकरण की उदाहरण हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित हैं। इस अवसर पर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का भी नारा दिया गया। जिससे समाज में बेटा और बेटी के अंतर को कम न समझा जाए। उन्होंने बताया कि बेटी जब शिक्षित होती है तो वह दो परिवारों को शिक्षित करती है, एक मायका और दूसरा उसका ससुराल, इसलिए बेटियों को जरूर पढ़ाएं और उनके संकल्पों को पूरा करें।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि ग्राम पंचायत अहमदपुर की सभी गलियों में पक्की सीसी रोड बनाकर गलियों को कीचड़मुक्त की जाएंगी। रंगमंच, पक्की नालियों और पुल-पुलियों का निर्माण किया जायेगा। ग्राम पंचायत अहमदपुर में सार्वजनिक कार्यों के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीणों को निस्तार के लिए एक तालाब का भी निर्माण किया जायेगा।